# डा0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय,लखनऊ
**Dr. Shakuntala Misra National Rehabilitation University, Lucknow**
Office : Mohaan Road, Lucknow - 226 017, Website : http://dsmru.up.nic.in


## // कार्यालय–ज्ञाप //

**(विश्वविद्यालय में अध्ययनरत् विद्यार्थियों को दीक्षांत समारोह के अवसर पर प्रदान किये जाने वाले पदक के सम्बन्ध में)**

परीक्षा समिति की दिनाँक 19.06.2024 को आहूत 18वीं बैठक के निर्गत कार्यवृत्त के बिन्दु संख्या–8/18 में विश्वविद्यालय में अध्ययनरत् विद्यार्थियों को दीक्षांत समारोह के अवसर पर प्रदान किये जाने वाले पदक के सम्बन्ध में दिव्यांग विद्यार्थियों हेतु पदक नियमावली में परिमार्जन किए जाने हेतु गठित मेडल रूल्स परिमार्जन समिति की दिनाँक 16 एवं 17 जून, 2025 को आहूत बैठक में की गयी संस्तुतियों को परीक्षा समिति द्वारा सम्यक् विचारोपरान्त निम्नवत् अनुमोदन प्रदान किया गयाः–

| क्र0सं0 | पदक की श्रेणी | निर्धारित मानक |
|---|---|---|
| 01. | कुलाध्यक्ष स्वर्ण पदक | ➢ विश्वविद्यालय में विभिन्न प्रकार के समस्त परास्नातक पाठ्यक्रमों में सर्वाधिक CGPA प्राप्त करने वाला एक विद्यार्थी। |
| | कुलाध्यक्ष रजत पदक | ➢ विश्वविद्यालय में विभिन्न प्रकार के समस्त परास्नातक पाठ्यक्रमों में CGPA के आधार पर द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाला एक विद्यार्थी। |
| | कुलाध्यक्ष कांस्य पदक | ➢ विश्वविद्यालय में विभिन्न प्रकार के समस्त परास्नातक पाठ्यक्रमों में CGPA के आधार पर तृतीय स्थान प्राप्त करने वाला एक विद्यार्थी। |
| | कुलाध्यक्ष स्वर्ण पदक (दृष्टिबाधित विद्यार्थी हेतु) | ➢ विश्वविद्यालय में विभिन्न प्रकार के समस्त परास्नातक पाठ्यक्रमों में सर्वाधिक CGPA प्राप्त करने वाला एक दृष्टिबाधित विद्यार्थी। |
| | कुलाध्यक्ष स्वर्ण पदक (श्रवणबाधित विद्यार्थी हेतु) | ➢ विश्वविद्यालय में विभिन्न प्रकार के समस्त परास्नातक पाठ्यक्रमों में सर्वाधिक CGPA प्राप्त करने वाला एक श्रवणबाधित विद्यार्थी। |
| | कुलाध्यक्ष स्वर्ण पदक (अन्य दिव्यांग विद्यार्थी हेतु) | ➢ विश्वविद्यालय में विभिन्न प्रकार के समस्त परास्नातक पाठ्यक्रमों में सर्वाधिक CGPA प्राप्त करने वाला एक अन्य दिव्यांग विद्यार्थी। |
| 02. | मुख्यमंत्री स्वर्ण पदक | ➢ विश्वविद्यालय में स्नातक के समस्त संचालित पाठ्यक्रमों में सर्वाधिक CGPA प्राप्त करने वाला एक विद्यार्थी। |
| | मुख्यमंत्री रजत पदक | ➢ विश्वविद्यालय में स्नातक के समस्त संचालित पाठ्यक्रमों में CGPA के आधार पर द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाला एक विद्यार्थी। |
| | मुख्यमंत्री कांस्य पदक | ➢ विश्वविद्यालय में स्नातक स्तर के समस्त संचालित पाठ्यक्रमों में CGPA के आधार पर तृतीय स्थान प्राप्त करने वाला एक विद्यार्थी। |
| | मुख्यमंत्री स्वर्ण पदक (दृष्टिबाधित विद्यार्थी हेतु) | ➢ विश्वविद्यालय में स्नातक के समस्त संचालित पाठ्यक्रमों में सर्वाधिक CGPA प्राप्त करने वाला एक दृष्टिबाधित विद्यार्थी। |
| | मुख्यमंत्री स्वर्ण पदक (श्रवणबाधित विद्यार्थी हेतु) | ➢ विश्वविद्यालय में स्नातक के समस्त संचालित पाठ्यक्रमों में सर्वाधिक CGPA प्राप्त करने वाला एक श्रवणबाधित विद्यार्थी। |
| | मुख्यमंत्री स्वर्ण पदक (अन्य दिव्यांग विद्यार्थी हेतु) | ➢ विश्वविद्यालय में स्नातक के समस्त संचालित पाठ्यक्रमों में सर्वाधिक CGPA प्राप्त करने वाला एक अन्य दिव्यांग विद्यार्थी। |
| 03. | कुलपति स्वर्ण पदक | ➢ विश्वविद्यालय में समस्त स्नातक पाठ्यक्रमों में विभागवार/पाठ्क्रमवार सर्वाधिक CGPA प्राप्त करने वाला एक विद्यार्थी।<br>➢ विश्वविद्यालय में समस्त परास्नातक पाठ्यक्रमों में विभागवार/पाठ्क्रमवार सर्वाधिक CGPA प्राप्त करने वाला एक विद्यार्थी। |
| | कुलपति रजत पदक | ➢ विश्वविद्यालय में समस्त स्नातक पाठ्यक्रमों में विभागवार/पाठ्क्रमवार CGPA के आधार पर द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाला एक विद्यार्थी।<br>➢ विश्वविद्यालय में समस्त परास्नातक पाठ्यक्रमों में विभागवार/पाठ्क्रमवार CGPA के आधार पर द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाला एक विद्यार्थी। |
| | कुलपति कांस्य पदक | ➢ विश्वविद्यालय में समस्त स्नातक पाठ्यक्रमों में विभागवार/पाठ्क्रमवार CGPA के आधार पर तृतीय स्थान प्राप्त करने वाला एक विद्यार्थी। |

( डॉ० अमित कुमार राय )
परीक्षा नियंत्रक
डॉ० शकुन्तला मिश्रा
राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ

| | | |
|---|---|---|
| | | ➢ विश्वविद्यालय में समस्त परास्नातक पाठ्यक्रमों में विभागवार/पाठ्क्रमवार CGPA के आधार पर तृतीय स्थान प्राप्त करने वाला एक विद्यार्थी। |
| | **कुलपति स्वर्ण पदक** (दृष्टिबाधित विद्यार्थी हेतु) | ➢ विश्वविद्यालय में समस्त स्नातक पाठ्यक्रमों में विभागवार/पाठ्क्रमवार सर्वाधिक CGPA प्राप्त करने वाला एक दृष्टिबाधित विद्यार्थी। ➢ विश्वविद्यालय में समस्त परास्नातक पाठ्यक्रमों में विभागवार/पाठ्क्रमवार सर्वाधिक CGPA प्राप्त करने वाला एक दृष्टिबाधित विद्यार्थी। |
| | **कुलपति स्वर्ण पदक** (श्रवणबाधित विद्यार्थी हेतु) | ➢ विश्वविद्यालय में समस्त स्नातक पाठ्यक्रमों में विभागवार/पाठ्क्रमवार सर्वाधिक CGPA प्राप्त करने वाला एक श्रवणबाधित विद्यार्थी। ➢ विश्वविद्यालय में समस्त परास्नातक पाठ्यक्रमों में विभागवार/पाठ्क्रमवार सर्वाधिक CGPA प्राप्त करने वाला एक श्रवणबाधित विद्यार्थी। |
| | **कुलपति स्वर्ण पदक** (अन्य दिव्यांग विद्यार्थी हेतु) | ➢ विश्वविद्यालय में समस्त स्नातक पाठ्यक्रमों में विभागवार/पाठ्क्रमवार सर्वाधिक CGPA प्राप्त करने वाला एक अन्य दिव्यांग विद्यार्थी। ➢ विश्वविद्यालय में समस्त परास्नातक पाठ्यक्रमों में विभागवार/पाठ्क्रमवार सर्वाधिक CGPA प्राप्त करने वाला एक अन्य दिव्यांग विद्यार्थी। |
| 04. | **विशेष पदक** | ➢ विश्वविद्यालय में प्रदान किये जाने वाले विभिन्न प्रकार के विशेष पदकों हेतु पदक प्राप्तकर्ता विद्यार्थियों के संबंध में उनके प्रायोजकों के द्वारा सुझाये गये मानकों/व्यवस्था के अनुसार प्रदान किया जायेगा। |

उपरोक्तानुसार अर्ह/पात्र विद्यार्थियों को निर्धारित मानकों के सापेक्ष तीन श्रेणियों में वर्गीकृत किये गये पदकों को निम्नानुसार सशर्त वितरित/प्रदान किया जायेगा।

1. वे विद्यार्थी जिन पर उच्च शिक्षा अर्जित करने के दौरान किसी भी प्रकार की अनुशासनात्मक/दण्डात्मक/यू0एफ0एम0 कार्यवाही की गई हो/संज्ञानित हो, वे विद्यार्थी किसी भी दशा में पदक हेतु पात्र नहीं माने जायेंगे।
2. जिन विद्यार्थियों द्वारा सुधार/बैक पेपर परीक्षा/ग्रेस मार्कस् की सुविधा की स्थिति का लाभ प्राप्त किये हुए सर्वाधिक CGPA प्राप्त किये गये हैं, ऐसे विद्यार्थी पदक के लिये पात्र नहीं माने जायेंगे।
3. ऐसे पाठ्यक्रम जहां CGPA प्रणाली के स्थान पर अंकीय प्रणाली लागू है, उन पाठ्यक्रमों में सर्वाधिक अंक के आधार पर पदक प्रदान किए जाएंगे।
4. यदि पदक वितरण में ऐसी स्थिति उत्पन्न होती है कि निर्धारित योग्यता के सापेक्ष एक से अधिक विद्यार्थी की समतुल्य–पात्रता (टाईअप) पाई जाती है तो निम्नानुसार वरीयता/मानक प्रणाली के आधार पर वांछित योग्यता के सापेक्ष एक विद्यार्थी को पदक प्रदान किये जाने की पात्रता निर्धारित की जायेगी :–

➢ समानुपातिक विधि के अनुसार सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाला विद्यार्थी।

**अथवा**

➢ समस्त विषयों में समानुपातिक विधि के अनुसार सर्वाधिक विशिष्टतायें (**Distinctions**) प्राप्त करने वाला विद्यार्थी।

**अथवा**

➢ सेमेस्टर में अधिकतम उपस्थिति (औसत गणना के आधार पर)।

**अथवा**

➢ पूर्व में उत्तीर्ण पाठ्यक्रम–उच्चतम से न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता के आधार पर।

**अथवा**

➢ जन्मतिथि के अनुसार वरिष्ठ आयु के आधार पर।

(डॉ० अमित कुमार राय)
परीक्षा नियंत्रक
डॉ० शकुन्तला मिश्रा
राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ।

डा0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय,लखनऊ
Dr. Shakuntala Misra National Rehabilitation University, Lucknow
Office : Mohaan Road, Lucknow - 226 017, Website : http://dsmru.up.nic.in

5. दृष्टिबाधित, श्रवणबाधित एवं अन्य दिव्यांग विद्यार्थियों के उत्साहवर्धन के उद्देश्य से परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर प्राविधानित **कुलाध्यक्ष / मुख्यमंत्री / कुलपति स्वर्ण पदक** हेतु परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन का मानक निम्नवत् होगा :
   - 5.1 प्रत्येक पाठ्यक्रम / संकाय में दिव्यांग श्रेणी के कुलाध्यक्ष, मुख्यमंत्री एवं कुलपति स्वर्ण पदक हेतु सम्बन्धित श्रेणी में कम से कम 03 प्रतिभागी विद्यार्थियों का होना अनिवार्य है। अन्यथा की स्थिति में उस पाठ्यक्रम / संकाय में इस विशेष पदक पर विचार नहीं किया जायेगा।
   - 5.2 दिव्यांग श्रेणी के कुलाध्यक्ष, मुख्यमंत्री एवं कुलपति स्वर्ण पदक हेतु सम्बन्धित श्रेणी में विद्यार्थियों को न्यूनतम सीजीपीए 6.0 प्राप्त करना अनिवार्य होगा।''

उपरोक्तानुसार अनुपालन तत्काल प्रभाव से प्रभावी माना जाएगा।

(डॉ0 अमित कुमार राय)
परीक्षा नियंत्रक

पत्रांकः– COE-266 / COE-31(III)/परीक्षा समिति / DSMNRU/2024–25 दिनांकः–06 अगस्त, 2025

**प्रतिलिपिःनिम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–**

1. मा0 कुलपति महोदय के सादर अवलोकनार्थ।
2. कुलसचिव, विश्वविद्यालय।
3. वित्त अधिकारी, विश्वविद्यालय।
4. अधिष्ठाता (शैक्षणिक), विश्वविद्यालय।
5. समस्त अधिष्ठाता / विभागाध्यक्ष / निदेशक / समन्वयक, विश्वविद्यालय।
6. विश्वविद्यालय में पत्रांक सं0 754 / COE-73/12वाँ दीक्षान्त / DSMNRU/2024–25 दिनांक 21 जुलाई, 2025 द्वारा गठित समिति के अध्यक्ष को 12वें दीक्षान्त समारोह के आलोक में आवश्यक कार्यवाही किए जाने हेतु।
7. सिस्टम एनालिस्ट को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड किये जाने हेतु।
8. सम्बद्ध एजेन्सी एवं परीक्षा विभाग के समस्त प्रकोष्ठ एवं अनुभाग को अनुपालनार्थ।
9. गार्ड फाइल।

06/08/25
(डॉ0 अमित कुमार राय)
परीक्षा नियंत्रक